आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग पहली से 30 नवम्बर तक चौथा राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र – डीएलसी अभियान चलाएगा।
- चालू वित्त वर्ष में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 6 दशमलव 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त ने कल हैडो क्षेत्र का निरीक्षण कर सार्वजनिक सुविधाओं की समीक्षा की।
- तकनीकी कारणों के चलते जहाज एमवी कैंपबेल बे की कल की श्री विजयपुरम से मायाबंदर होते हुए कोलकाता की निर्धारित यात्रा को रद्द कर दिया गया है।

<><><><><><><>

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग पहली से 30 नवम्बर तक चौथा राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र – डीएलसी अभियान चलाएगा। यह अभियान पूरे देश के दो हज़ार ज़िलों और उप–मंडल मुख्यालयों में आयोजित होगा। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने कहा कि डीएलसी अभियान के चौथे चरण का उद्देश्य दो करोड़ डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जारी करना है। इसमें चेहरा पहचान तकनीक पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे सार्वभौमिक कवरेज सुनिश्चित होगी और पूरे देश के पेंशनभोगियों के लिए यह प्रक्रिया और अधिक सुविधाजनक हो जाएगी। यह अभियान 19 पेंशन वितरण बैंक और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य देश के दूर–दराज़ के प्रत्येक पेंशनभोगी तक पहुँच सुनिश्चित करना है।

<><><><><><><>

चालू वित्त वर्ष में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 6 दशमलव 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह बढ़कर 11 दशमलव आठ नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। आयकर विभाग ने बताया है कि इस वर्ष पहली अप्रैल से 12 अक्टूबर तक शुद्ध कॉर्पोरेट कर संग्रह लगभग 5 दशमलव शून्य दो लाख करोड़ रुपये रहा। गैर–कॉर्पोरेट में लगभग 6 दशमलव पांच छह लाख करोड़ रुपये का कर संग्रह हुआ। आयकर विभाग के अनुसार प्रतिभूति लेनदेन कर संग्रह 30 हजार आठ सौ 78 करोड़ रुपये रहा।

रिफंड समायोजित करने से पहले सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 13 दशमलव नौ दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 2 दशमलव तीन छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, रिफंड जारी करने में 16 प्रतिशत की कमी आई है और यह 2 दशमलव शून्य तीन लाख करोड़ रुपये हो गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव से पूरे देश को लाभ हो रहा है। जीएसटी सुधार के प्रभावों की कड़ी में आज प्रस्तुत है संशोधित दरों से महाराष्ट्र के उद्योगों को मिलने वाली मजबूती के बारे में एक रिपोर्ट–

<><><><><><><>

श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कल विश्वास योजना का शुभारंभ किया। इस योजना का उद्देश्य कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम के अंतर्गत दंडात्मक क्षतिपूर्ति को तर्कसंगत बनाकर मुकद्मेबाजी को कम करना है। डॉ. मांडविया ने कल नई दिल्ली में कर्मचारी भविष्य निधि के केंद्रीय न्यासी बोर्ड की 238वीं बैठक में इस योजना का शुभारंभ किया। डॉ. मांडविया ने इस अवसर पर कई डिजिटल पहलों का भी शुभारंभ किया। इनमें पुनर्गठित रिटर्न फाइलिंग मॉड्यूल, उपयोगकर्ता प्रबंधन मॉड्यूल और कुशल वार्षिक प्रीमियम प्रबंधन के लिए उन्नत ई–ऑफिस तथा स्पैरो प्रणाली शामिल हैं। बैठक में बोर्ड ने आंशिक निकासी के लिए सरल और उदार मानदंडों को स्वीकृति दी। इसका उद्देश्य सदस्यों की सुविधा और सेवानिवृत्ति सुरक्षा को बढ़ाना है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त ने कल हैडो में वार्ड नंबर 1 और वार्ड नंबर 2 का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरे का उद्देश्य सार्वजनिक सुविधाओं की समीक्षा, बुनियादी ढांचे की पहचान और सामुदायिक प्राथमिकताओं के लिए स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करना था। दौरे के दौरान तिरुपति मंदिर क्षेत्र में सामने खाली पड़ी जमीन का उपयोग सामुदायिक और मंदिर संबंधी गतिविधियों के लिए करने और पास के खाली पड़े सरकारी क्वार्टरों को स्थानीय युवाओं के लिए व्यायामशाला में बदलने के प्रस्ताव की दक्षिण अंडमान के उपायुक्त ने समीक्षा की।

उन्होंने सीसीएस के पास सामुदायिक हॉल के निर्माण, रांची बिजन के पास पार्किंग क्षेत्र और खेल के मैदान के निर्माण के प्रस्तावों पर भी चर्चा की। इस दौरान जिला उपायुक्त के साथ वार्ड पार्षद भी उपस्थित थे।

<><><><><><>

पर्यटन निदेशालय की ओर से कल समुद्री जीवविज्ञानी और प्रकृतिवादी दीक्षा दीक्षित द्वारा 'द्वीपीय पर्यटन का तरीका' विषय पर एक सार्वजनिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। उन्होंने द्वीप समूह के द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्र और समृद्ध समुद्री जैव विविधता के अनुकूल सतत पर्यटन प्रथाओं के महत्व पर जानकारी दी। इस अवसर पर्यटन निदेशक ने सभी पर्यटन हितधारकों द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने को कहा। निदेशक ने हितधारकों को किसी भी विशिष्ट कौशल या प्रशिक्षण आवश्यकताओं के लिए अपनी आवश्यकताएँ विभाग को प्रस्तुत करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में पर्यटन उद्योग के साझेदार, टूर संचालक; एडवेंचर वाटर स्पोर्ट्स संचालक, स्नोर्कल गाइड, स्कूबा डाइविंग प्रशिक्षक और छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><>

तकनीकी कारणों के चलते जहाज एमवी कैंपबेल बे की कल की श्री विजयपुरम से मायाबंदर होते हुए कोलकाता जाने वाले यात्रा कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। हालाँकि जहाज एमवी स्वराज द्वीप 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजे श्री विजयपुरम से कोलकाता के लिए रवाना होगा और 6 नवंबर को दोपहर 12 बजे कोलकाता से श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। यात्री स्टार्स टिकटिंग काउंटर या ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से सभी दिनों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच अपने टिकट बुक कर सकते हैं। टिकट कल सुबह 9 बजे से जारी किए जाएंगे।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के विज्ञान शाखा ने बिरला औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय, कोलकाता के सहयोग से कल एक राज्य स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी 09 शैक्षिक अंचल क्षेत्रों से आए क्षेत्रीय स्तर के विजेता प्रतिभागियों ने "मानव जाति के लाभ के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी" विषय पर विज्ञान नाटक प्रस्तुत किया।

इसमें दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र, से गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया, जो 11 नवम्बर को कोलकाता में आयोजित होने वाले पूर्वी भारत विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में फ्रीलांस टूरिस्ट गाइड का पैनल तैयार किया जा रहा है। इसके लिए चुने गए सभी उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार 17 अक्टूबर को सेल्यूलर जेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवारों से अपने वैध फोटो पहचान पत्र और मूल दस्तावेजों के साथ सुबह 8.30 बजे तक रिपोर्ट करने को कहा गया है। मूल्यांकन अंडमान निकोबार द्वीप समूह के इतिहास से संबंधित विषयों पर केंद्रित होगा।

<><><><><><><>